प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
29.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे
''आज के मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–आईजीएमसी मामले की फिर से जांच के लिए वरिष्ठ डॉक्टरों की कमेटी गठित करेगी सरकार।
- राज्य सरकार ने 14 हज़ार करोड़ रूपये की 6 सौ 83 औद्योगिक परियोजनाओं को दी मंजूरी–करीब 32 हज़ार युवाओं को रोजगार के अवसर होंगे सृजित।
- उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा–हिमाचल ने देश में जगाया सहकारिता का अलख–युवा पीढ़ी को सहकारिता से जोड़ने पर दिया बल।
- भाजपा सांसद हर्ष महाजन ने मनरेगा को लेकर कांग्रेस पार्टी पर झूठी बयानबाजी करने का लगाया आरोप।

और

- शिमला सहित प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर लगा सैलानियों का तांता– नववर्ष पर बर्फबारी की आस।

अब समाचार विस्तार से..........

डॉक्टर–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के आहवान पर रेजिडेंट डॉक्टरों ने आज से अपनी हड़ताल समाप्त कर सभी अस्पतालों में काम शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री ने इस पर खुशी जताते हुए कहा कि आईजीएमसी मामले की फिर से जांच करने के लिए वरिष्ठ डॉक्टरों की कमेटी गठित की जाएगी। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि डॉक्टरों के काम पर लौटने से मरीजों को राहत मिली है।

–बाईट– सीएम ऑन डॉक्टर–42''–

इस बीच मुख्यमंत्री ने कहा कि आईजीएमसी में हुई घटना के बाद राज्य सरकार डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर भी कार्य कर रही है और उन्होंने इस बारे में अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

–बाईट–सीएम ऑन–सिक्योरिटी–20''–

सोलन अस्पताल

उधर सोलन के क्षेत्रीय अस्पताल में भी हड़ताल समाप्त होने पर मरीजों ने राहत की सांस ली है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राकेश पंवर ने बताया कि ओपीडी सुचारू रूप से चल रही हैं और अब रूटीन के ऑपरेशन भी करवाए जाएंगे।

––बाईट–राकेश पंवर–21''––

औद्योगिक विकास

वर्तमान राज्य सरकार ने 14 हज़ार करोड़ रूपये की 6 सौ 83 औद्योगिक परियोजनाओं को मंजूरी दी है जिससे करीब 32 हज़ार युवाओं को रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर

सिंह सुक्खू ने आज शिमला में बताया कि देश व विदेशों से निवेशकों को आकर्षित करने के लिए सरकार आउटरीच कार्यक्रम और दौरे आयोजित कर रही है। उन्होंने बताया कि दुबई व जापान जैसे वैश्विक बाजारों के अलावा मुम्बई सहित अन्य घरेलु निवेश केन्द्रों से पिछले 3 वर्षों में 5 हज़ार करोड़ रूपये से अधिक के प्रतिबद्धता ज्ञापन हस्ताक्षरित किए गए है।

<u>मुकेश अग्निहोत्री</u>

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने युवा पीढ़ी को सहकारिता से जोड़े जाने पर बल दिया है। शिमला में आज नाबार्ड द्वारा आयोजित सहकारिता सम्मेलन में अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सहकारिता एक भरोसा है जिसको हम टूटने नहीं दे सकते। अग्निहोत्री ने बताया कि सरकार व सहकार मिलकर काम करेंगे और सहकारिता को आगे बढ़ाने पर मंथन किया जाएगा। ये सम्मेलन अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष को लेकर आयोजित किया गया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल ने देश में सहकारिता का अलख जगाया था और बढेड़ा में प्रदेश की पहली सहकारी सोसायटी पंजीकृत हुई थी।

––बाईट––अग्निहोत्री–30''––

<u>जी–राम–जी–विरोध</u>

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश मंत्रिमंडल के सदस्यों ने आज शिमला के रिज मैदान पर महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास मनरेगा का नाम बदलने को लेकर धरना दिया। पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत जी–राम–जी योजना में अब नए प्रावधानों के अनुसार 90 फीसदी दिहाड़ी केंद्र सरकार और दस फीसदी राज्य सरकार वहन करेगी। उन्होंने केंद्र सरकार से इस योजना में पंचायतों की मांग के अनुसार विकास कार्य तय करने और विकास ज़रूरतों को ध्यान में रखने की मांग की है।

<u>हर्ष महाजन</u>

राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन के कहा है कि कांग्रेस पार्टी मनरेगा को खत्म करने के बारे में झूठी बयानबाजी कर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने मनरेगा को खत्म नहीं किया है बल्कि इससे कहीं अधिक मज़बूत व व्यापक कानून ''विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन–ग्रामीण'' लागू किया है। हर्ष महाजन ने बताया कि नई योजना के तहत ग्रामीण परिवारों को एक सौ दिन के बजाए एक सौ 25 दिन के रोजगार की गारंटी दी गई है और नई व्यवस्था से पंचायतों में विकास कार्यों को गति मिलेगी। भाजपा सांसद ने रिज मैदान पर कांग्रेस सरकार के धरने को भ्रामक और राजनीतिक ड्रामा करार दिया है।

<u>नेता प्रतिपक्ष</u>

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा शुरू की गई योजनाओं से हिमाचल की तकदीर बदली है। कांगड़ा ज़िले के देहरा में अटल स्मृति वर्ष के तहत आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि वाजपेयी सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से प्रदेश में सड़कों का जाल बिछा है और अटल टनल रोहतांग ने हिमाचल की पहचान बदल दी है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वाजपेयी जी के विचार और लोकतांत्रिक मूल्यों में उनकी आस्था हम सभी के लिए पथ प्रदर्शक है।

<u>पर्यटक</u>

पहाड़ों पर बर्फबारी की आस के साथ राज्य के पर्यटन स्थलों पर नववर्ष से पहले सैलानियों की आवाजाही बढ़ गई है। राज्य में करीब 80 फीसदी होटलों की बुकिंग हो चुकी है और सैलानी होम स्टे व गेस्ट हाउस में भी बुकिंग कर रहे हैं। राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान और मालरोड पर इन दिनों पर्यटकों की भारी भीड़ देखी जा रही है। मौसम विभाग ने भी नववर्ष पर प्रदेश के अनेक

स्थानों पर बर्फबारी और वर्षा की संभावना जताई।अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता——46′—

*डिस्पैच—46′—शिमला शहर के मालरोड और रिज मैदान पर इन दिनों पर्यटकों की खासी भीड़ उमड़ रही है। दिल्ली, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, चंडीगढ, पंजाब और हरियाणा सहित विदेशों से बड़ी संख्या में पर्यटक शिमला पहुंच रहे हैं। हालांकि प्रदेश में बारिश व बर्फबारी न होने से सूखे जैसे हालात हैं लेकिन पर्यटक प्रदेश के साफ व स्वच्छ वातावरण को खूब पसंद कर रहे हैं। पर्यटकों की तादाद बढ़ने से पर्यटन कारोबार भी पटरी पर लौटा है और कारोबार से जुड़े लोग काफी खुश हैं। पर्यटकों की भारी आमद और नए सालए विंटर कार्निवल को देखते हुए शिमला शहर में कानून और ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने के मकसद से पुलिस ने विशेष इंतजाम किए हैं। होटल कारोबारियों ने भी सैलानियों को आकर्षित करने के लिए विशेष तरह के डिस्काउंट ऑफर निकाले हैं। नए साल तक सैलानियों की संख्या में और ज्यादा बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। योगराज शर्मा आकाशवाणी समाचार शिमला।*

<u>ट्राई</u>

भारतीय दूरसंचान विनियामक प्राधिकरण ट्राई द्वारा कल कांगड़ा में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें शिकायत निवारण और साइबर स्वच्छता के संबंध में विभिन्न पहलों को लेकर उपभोक्ताओं को जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में दूरसंचार सेवा प्रदाता और ट्राई के साथ पंजीकृत उपभोक्ता संगठनों के प्रतिनिधियों सहित अन्य लोग भाग लेंगे।

<u>''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''</u>

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा—आईजीएमसी मामले की फिर से जांच के लिए वरिष्ठ डॉक्टरों की कमेटी गठित करेगी सरकार।
- राज्य सरकार ने 14 हज़ार करोड़ रूपये की 6 सौ 83 औद्योगिक परियोजनाओं को दी मंजूरी—करीब 32 हज़ार युवाओं को रोजगार के अवसर होंगे सृजित।
- उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा—हिमाचल ने देश में जगाया सहकारिता का अलख—युवा पीढ़ी को सहकारिता से जोड़ने पर दिया बल।
- भाजपा सांसद हर्ष महाजन ने मनरेगा को लेकर कांग्रेस पार्टी पर झूठी बयानबाजी करने का लगाया आरोप।

और

- शिमला सहित प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर लगा सैलानियों का तांता— नववर्ष पर बर्फबारी की आस।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन सुन सकते हैं सुबह 9:20 पर नमस्कार